दिनांक-7दिसंबर2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी सहित अधिकारियों ने देखी वैक्यूम लीटरपिकर मशीन से सफाई , नेहरू नगर में हुआ.ट्रायल

भिलाई नगर/ निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज अपने निरीक्षण के दौरान लीटरपिकर मशीन के माध्यम से की जाने वाली सफाई के ट्रायल का अवलोकन किया! वैक्यूम लीटरपिकर मशीन का आज नेहरू नगर कमर्शियल कांप्लेक्स के समीप ट्रायल कराया गया , मशीन को संचालित करने वाले ने बताया कि यह मशीन कम समय में कचरे को वैक्यूम पाइप के माध्यम से संग्रहित करने का कार्य करती है , लीटरपिकर मशीन की सहायता से 500 किलो कचरे को एक बार में एकत्रित किया जा सकता है इस मशीन को मोबाइल से कनेक्ट कर ट्रैक किया जा सकता है , धूल, गीले कचरे ,पन्नी, झिल्ली, डिस्पोजल, पॉलिथीन, पैरा जैसे कचरो को भी यह एकत्रित करने में सक्षम है , कचरे को एकत्रित कर यह दूसरे वाहनों में त्वरित रूप से स्थानांतरित भी कर देता है!!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी